केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मनिरका
नई दिल्ली – 110067

संचिका सं.CICOM/R/2017/01470 दिनांक 18.12.2017

सेवा में,

श्री अवधेश कुमार यादव, एडवोकेट,

विषयः- सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने दिनांक 27.11.2017 के आर.टी.आई. आवेदन जिसे आवेदक द्वारा दिनांक 04.12.2017 को प्रेषित किया गया है (लिफाफे पर लगे डाक विभाग की पर्ची के अनुसार) तथा जो दिनांक 12.12.2017 को केन्द्रीय सूचना आयोग में डायराईज हुआ (डायरी सं. 182508) तथा आयोग के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में दिनांक 13.12.2017 को प्राप्त हुआ, से संबंधित सूचना निम्नलिखित है:-

| | |
|---|---|
| बिंदु सं. 1, 2, 6, 7 एवं 8 | वांछित सूचना केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (एस.ए.) कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी जिन्हें आपका आवेदन आर.टी.आई. – एम.आई.एस. द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित कर दिया गया है । |
| बिंदु सं. 3 | डायरी सं. 164539 दिनांक 13.09.2017 आपके द्वारा दिनांक 30.08.2017 को प्रेषित एक आर.टी.आई. आवेदन था जिससे संबंधित सूचना प्रदान करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 15.09.2017 को श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी व उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (एस.ए.) कार्यालय को अग्रसारित किया गया था तथा श्री दिनेश कुमार द्वारा दिनांक 04.10.2017 के पत्र के माध्यम से आपसे वांछित सूचना हेतु अतिरिक्त 80 रु0 की मांग की गई थी । श्री दिनेश कुमार के उक्त पत्र के अनुपालन में आपने दिनांक 10.10.2017 के पत्र (डायरी सं. 172565 दिनांक 18.10.2017) द्वारा अतिरिक्त शुल्क भी जमा करवाया था । |
| बिंदु सं. 4 | डायरी सं. 160452 दिनांक 30.08.2017 आपके द्वारा दिनांक 14.08.2017 को प्रेषित एक प्रथम अपील आवेदन था जिससे संबंधित आदेश प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा दिनांक 06.09.2017 को जारी किया जा चुका है । प्रथम अपील आदेश की छायाप्रति संलग्न है । |
| बिंदु सं. 5 | वांछित सूचना केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (एस.बी.) कार्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी जिन्हें आपका आवेदन आर.टी.आई. – एम.आई.एस. द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित कर दिया गया है । |

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री आर. के. सिंह, अपर सचिव एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 पर की जा सकती है ।

संलग्नक – यथोपरि ।

अशोक कु. शर्मा

(ए. के. शर्मा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त – एस.ए. कार्यालय | बिंदु सं. 1, 2, 6, 7 एवं 8 | उक्त आवेदन दिनांक 14.12.2017 को आर.टी.आई.-एम.आई.एस. के द्वारा ऑलाइन अग्रसारित किया जा चुका है । कृपया वांछित सूचना निर्धारित अवधि के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, यदि वांछित सूचना आपसे संबंधित नहीं है तो कृपया संबंधित अधिकारी को अग्रसारित करें । |
| 2 | श्री एस. एस. रोहिल्ला, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त – एस.बी. कार्यालय | बिंदु सं. 5 | |